# मां ने की दो बेटियों की हत्या

## 4 साल व 8 माह की बच्चियों को चटाई में लपेटने के बाद जेठानी से कहा- मार दिया

**उज्जैन, 16 अगस्त. महिदपुर तहसील में खौफनाक मंजर सामने आया. मासूम दो बेटियों का मां ने गला दबाकर हत्या कर दी. दोनों की लाश को चटाई में लपेटने के बाद जेठानी से कहा कि मार दिया है. सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों मासूम के शवो का पोस्टमार्टम कराया है.**

महिदपुर थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि ग्राम तुलसापुर के चौकीदार ने सूचना देकर बताया कि अशोक बंजारा की चार वर्षीय पुत्री उमा और 8 माह की अनुष्का को उसकी मां पूजा ने गला दबाकर मार दिया है. सूचना पर पुलिस घटना स्थल पहुंची लेकिन दोनों मासूम बच्चों को



अस्पताल ले जाया जा चुका था. घटना स्थल पर पूछताछ करने के बाद सामने आया कि पूजा ने अपनी बेटियों की हत्या के बाद उन्हें चटाई में लपेट दिया था और अपने जेठानी से कहा था कि मार दिया है. घटनाक्रम दोपहर 2 से 2:30 बजे के लगभग का होना पता चला. पुलिस ने मामले में जान शुरू करते हुए हत्या करने वाली मां पूजा ने हत्या करना कबूल कर लिया.

### सालों ने पीट-पीट कर की थी जीजा की हत्या

**छिंदवाड़ा.** अपनी पत्नि को अपने साथ ले जाने आए जीजा को सालों ने लोहे की राह से पीट पीट कर मौत के घाट उतार दिया था. उक्त मामले में चांदामेटा पुलिस ने हत्या के आरोप में दोनों सालों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने बताया कि मृतक विक्की पिता बाबूलाल रावतेल उम्र 34 साल निवासी वार्ड नं. 12 भमोडी की शादी से 5, 6 साल पहले नंदनी रावतेल के साथ हुई थी. मृतक अपनी पत्नि नंदनी रावतेल को शराब पीकर पूर्व में मारपीट करता था इस कारण से मृतक की पत्नि नंदनी अपनी मायके ग्राम भमोड़ी कोलपुरा मोहल्ला में चली गई थी और वहीं रह रही थी. बीच में भी मृतक विक्की अपनी पत्नि को लेने के लिये अपने ससुराल जाता था. किन्तु मृतक की पत्नि अपने मृतक पति के साथ आती नहीं थी. 6 अगस्त की रात करीबन 10 से 11.00 बजे मृतक पुनः अपनी पत्नी नंदनी को लेने के लिये गया था. पत्नि के द्वारा आने से मना करने पर तलाक देने के लिये बोला था. इस बात से मृतक के साले अंकित रावतेल और आशीष रावतेल के द्वारा मृतक को लोहे की राड से सिर में प्राणघातक चोट पहुंचाकर तथा हाथ मुक्कों से मारकर नाले के गड्ढे में फेंक दिये थे.

### पिता-पुत्र ने सगे भाइयों पर चला दी गोली

**दतिया, 16 अगस्त.** खेत में भैंस घुसने के विवाद पर पिता पुत्र ने सगे भाइयों में गोली मार दी. घायलों को गंभीर हालत में झांसी रेफर किया गया है. यह उनाव थाना क्षेत्र के ग्राम सेरसा की घटना है. खेत मे भैंस घुसने को लेकर आरोपी विनोद कमरिया और सिंह साहब गुर्जर के बीच विवाद हो गया. विवाद इतना बढ़ा कि विनोद कमरिया ने अपने पुत्र शिवम कमरिया के साथ मिलकर सिंह साहब गुर्जर व उसके भाई भगवत गुर्जर पर लाइसेंसी 12 बोर की बंदूक से गोली चला दी. गोली लगने से दोनों सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया जहां हालत गंभीर होने झांसी रेफर कर दिया गया. पुलिस ने पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लाइसेंसी बंदूक जब्त कर ली है.

## स्वतंत्रता दिवस समारोह में परोसीं मृत्युभोज की पुरानी बूंदी

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, परिजन का हंगामा
- विशेष मध्याह्न भोजन का किया था आयोजन

**मुरैना, 16 अगस्त. मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के एक शासकीय प्राथमिक विद्यालय में छात्रों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशेष मध्याह्न भोजन में मृत्यभोज की बची चार दिन पुरानी बूंदी परोसने पर ग्रामीणों ने स्कूल परिसर में जमकर हंगामा किया. इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.**

जानकारी के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुरैना जिले के समस्त शासकीय शालाओं में परंपरागत रूप से विशेष मध्याह्न भोजन का आयोजन किया गया था. इसी बीच अंबाह विकासखंड के ग्राम कछपुरा के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को इस भोजन में गांव में एक मृत्युभोज की बची, चार दिन पुरानी दुर्गंध फैला रहीं बूंदी परोस दीं गईं. मामले का पता चलने पर बच्चों के परिजन ने विद्यालय परिसर में जमकर हंगामा किया.

ग्रामीणों का दावा है कि भोजन का काम देख रहे प्रबंधक ने विरोध करने पर अभद्रता कर कुछ लोगों के साथ धक्कामुक्की भी की. वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए अनुविभागीय दंडाधिकारी ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं.

### कूलर के करंट से नवविवाहिता की मौत

**शहडोल.** जिले के जैतपुर थाना अंतर्गत चौकी झींक बिजुरी के ममरा गांव में कूलर से करंट लगने से एक नवविवाहिता महिला की मौके पर ही मौत हो गई. करंट लगते ही परिजन दौड़े और कुलर का पावर बंद किया, लेकिन तब तक महिला दम तोड़ चुकी थी. पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर विवेचना शुरू की. पुलिस ने बताया कि मृतका माया रजक (24), पति कृष्ण कुमार, घर में सफाई कर रही थी. इस दौरान कूलर चालू था. कूलर के ऊपर रखे सामान उठाने के प्रयास में वह करंट की चपेट में आ गई. परिजन दूसरे कमरे में थे. माया की चीख सुनकर पति और परिवारजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी. बिजली बंद करने के बाद महिला अचेत होकर जमीन पर गिर गई और उसकी सांसें थम गईं.

### स्टेट आईकॉन सारिका को किया सम्मानित

**भोपाल 16 अगस्त.** इंटीग्रेटेड पोंलिंग बूथ मेनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर के माध्यम से पंचायत उपनिर्वाचन में प्रभावशाली जनजागरूकता के लिये मध्य प्रदेश चुनाव आयोग की स्टेट आईकॉन सारिका घारू को राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव ने प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया. निर्वाचन भवन में आयोजित कार्यक्रम में सारिका को यह सम्मान प्रदान किया गया. इस अवसर पर आयोग के सचिव अभिषेक सिंह, अवर सचिव डॉ सुतेश शाक्य, अवर सचिव श्रीमती संजू कुमारी, प्रियंका त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

## कोर्ट से पुलिस उपनिरीक्षक को मिला न्याय

- 60 दिन में सेवा बहाली के निर्देश

**अनूपपुर 16 अगस्त. मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के रामनगर थाने में पदस्थ पुलिस उपनिरीक्षक सतीश द्विवेदी को उच्च न्यायालय जबलपुर ने ग्यारह वर्ष पश्चात निचली अदालत का फैसला पलटते हुए निर्दोष बताते हुए बरी कर दिया.**

याचिकाकर्ता ने पुलिस में पुनः वापसी का आवेदन देने के 4 माह बाद भी बहाली आदेश नहीं होने पर उच्च न्यायालय जबलपुर ने पुलिस महानिरीक्षक शहडोल को निर्देश दिया कि 60 दिवस के अंदर सेवा बहाली के आवेदन पर कार्यवाही करें. जिले के रामनगर थाने में



पदस्थ पुलिस उपनिरीक्षक सतीश द्विवेदी को दुर्भावना वश लोकायुक्त द्वारा ट्रैप करवाकर आरोपी बना दिया गया था, वर्ष 2013 के बाद ट्रायल कोर्ट ने महत्वपूर्ण बिंदुओं को नजर अंदाज करते हुए दोषी माना था, इसके बाद बर्खास्त कर दिया था. जिस पर सतीश द्विवेदी ने ट्रायल कोर्ट के आदेश और विभाग के आदेश की अपील उच्च न्यायालय जबलपुर में की सिमे बताया गया.

इस निर्णय के बाद संबंधित शाखा में पुनः सेवा में बहाल किए जाने हेतु दिए गए आवेदन पर चार माह बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने पर सतीश द्विवेदी एक बार फिर उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करनी पड़ी,जिस पर उच्च न्यायालय ने पुलिस महा निरीक्षक शहडोल को निर्देश दिया कि 60 दिवस के अंदर सेवा बहाली के आवेदन पर कार्यवाही करें. याचिकाकर्ता के अधिवक्ता दीपक कुमार पांडे ने कहां कि प्रत्येक शासकीय कर्मचारी का अधिकार है वह दोषमुक्त होने पर पुनः समस्त लाभों को प्राप्त करेगा.

## दो बार निष्कासित नेता को जिलाध्यक्ष की कमान

- अब तक निलंबन नहीं हुआ वापस, कार्याकर्ता असमंजस में

**अनूपपुर. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अनूपपुर जिले सहित 71 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है. अनूपपुर जिले का नेतृत्व गुड्डू चौहान को सौंपा गया है. चौहान पहले युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं. वहीं वर्ष 2020 एवं 2015 में पार्टी विरोधी गतविधियों के कारण अभी निलंबित हैं. जिले में दोनों प्रमुख दलों के जिला अध्यक्ष युवा हैं.**

अनूपपुर जिला कांग्रेस के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान स्नातक हैं और कॉलेज से ही छात्र



संगठन की राजनीति में सक्रिय रहे हैं. वह विभिन्न मुद्दों पर सरकार का विरोध करते रहे हैं. हर आंदोलन में उनकी सक्रिय भूमिका रही है. चौहान राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भी हिस्सा लिया था. जब यात्रा मध्य प्रदेश के शिवपुरी-गुना से गुजर रही थी, तब वे राहुल गांधी के साथ चले थे. पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को एवं पूर्प विधायक मनोज अग्रवाल के करीबी माने जाते हैं. पिता कालरी कर्मचारी थे. परिवार राजनीतिक पृष्ठभूमि से नहीं आता. भाजपा ने पहले ही हीरा सिंह श्याम को जिला अध्यक्ष बनाया था. कांग्रेस ने भी युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाते हुए चौहान को यह जिम्मेदारी सौंपी है.

ज्ञात हो कि जिले में भाजपा ने भी युवातुर्क हीरा सिंह श्याम को जिला अध्यक्ष का दायत्विदिया था तभी से कायास लगाये जा रहें थे कि कांग्रेस भी जिले की कमान किसी युवा को दे सकती हैं. वहीं जिले में दो फांक में बटी कांग्रेस को नये जिला अध्यक्ष के लिए एक करने की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा.

### यह है मामला

उपचुनाव के पहले 4 जून 2020 में अनूपपुर और जमुना-बदरा ब्लॉक में नए अध्यक्ष की नियुक्ति और जिले में पार्टी विरोधी कार्य करने वाले 10 पदाधिकारियों को पार्टी से किया निष्कासित किया गया था, ज्ञात हो कि विधायक बिसाहू लाल सिंह ने कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता लेने पर अनूपपुर विधानसभा में उपचुनाव हुआ था. जिसमे गुड्डू चौहान का नाम भी शामिल था. इसके बाद वर्ष 2015 में नगर पालिका कोतमा चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने पर कांग्रेस से निष्कासित किया गया था.

## भिंड में एनआरआई परिवार पर हमला

- कार पर डंडों से हमला आरक्षक लाइन अटैच
- बच्चों को आई चोटें, शिकायत पहुंची दूतावास

**भिंड,16 अगस्त. मध्यप्रदेश के भिंड जिले में लंदन से आए एक एनआरआई परिवार पर हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. घटना के बाद पुलिस ने इसमें आरोपी पाए गए एक आरक्षक को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच कर दिया है.**

जानकारी के अनुसार, लंदन में रहने वाले एनआरआई दंपति डॉ. विक्रमजीत सिंह, उनकी पत्नी राजवीर कौर, पुत्र रोहनप्रीत और पुत्री रवनीत 14 अगस्त को जसवंतपुरा गांव (गोहद) जा रहे थे. यह परिवार मूलतः अशोकनगर का रहने वाला है. रास्ते में गोहद स्टेशन रोड पर फल खरीदते समय दंपति की बहस सिविल ड्रेस में मौजूद आरक्षक कुलदीप कुशवाहा से हो गई. आरक्षक कार का वीडियो बनाने लगा, जिसका परिवार ने विरोध किया और आईडी दिखाने की मांग की.

परिवार का आरोप है कि विवाद के बाद आरक्षक ने हथियारबंद बदमाशों को बुलवाया. परिवार जसवंतपुरा की ओर बढ़ रहा था, तभी रास्ते में कुछ बदमाशों ने कार रोकने की कोशिश की. कार नहीं रुकने पर डंडों से हमला कर दिया. इस हमले में पुत्र रोहनप्रीत के चेहरे और बेटी रवनीत के हाथ में चोट आई. हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ गया. डॉ. विक्रमजीत सिंह ने दावा किया है कि पूरी घटना की रिकॉर्डिंग उनके पास है, जिसे उन्होंने सबूत के तौर पर सुरक्षित रखा है. उन्होंने आरोप लगाया कि गोहद थाना प्रभारी ने भी आरोपी आरक्षक का पक्ष लिया. पीड़ित परिवार ने इस घटना की शिकायत भारतीय दूतावास में भी की है. घटना की जानकारी मिलते ही सिख समाज के लोग मौके पर पहुंच गए. वहीं, भिंड पुलिस अधीक्षक असित यादव ने आरोपी आरक्षक को तत्काल लाइन अटैच कर दिया.

## कृषि मंडी में उल्टा ध्वज फहराने पर सचिव व प्रभारी निलंबित

**ग्वालियर, 16 अगस्त. 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिनारपुर कृषि उपजमंडी कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर उल्टा तिरंगा पहराये जाने का मामला सामने आया. यह घटना कृषि उपजमंडी प्रभारी शशिलता दौहरे व सचिव महेन्द्र सिंह मीणा की उपस्थिति में हुई.**

वीडियो सामने आने के बाद मंडी के एमडी ने दोनों को तत्काल निलंबित कर दिया गया है. वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद मंडी बोर्ड के एमडी ने दोनों को तत्काल निलंबित कर दिया गया. राष्ट्रीय ध्वज के अपमान मसे स्थानीय लोगों और व्यापारियों में नाराजगी है. ग्वालियर के गोला का मंदिर इलाके स्थित नारायणबिहार कॉलोनी के पास स्थित दिनारपुर कृषि उपजमंडी समिति कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज उल्टा पहराया गया. एमडी ने दोनों को तत्काल निलंबित कर दिया है. मंडी प्रभारी शशिलता दौहरे ने ध्वज फहराया और उसी वक्त मंडी सचिव महेन्द्र सिंह मीणा भी मौके पर मौजूद थे.

ऐसा बताया जाता है कि कुछ देर बाद झंडे की दिशा बदल दी गई, लेकिन इस गलती पर किसी अधिकारी ने तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही मंडी बोर्ड के प्रबंध निदेशक पुरुषोत्तम कुमार के संज्ञान में आया.

## चौपाटी में जगह को लेकर चले चाकू

**शहडोल, 16 अगस्त. जिला मुख्यालय की मशहूर चौपाटी शुक्रवार की रात एक मारपीट की घटना से दहशत में आ गई. यहां सबसे कॉर्नर पर लगने वाले एक डोसा स्टॉल के कर्मचारियों ने मिलकर गुप्ता चाट सेंटर के संचालक से हाथापाई कर दी. मामला महज जगह को लेकर शुरू हुआ था, लेकिन डोसा स्टॉल वालों की ओर से आक्रामक रवैया अपनाने के चलते यह विवाद हिंसा में बदल गया.**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रात करीब 7 बजे चौपाटी पर ग्राहकों की भीड़ लगी हुई थी. इसी बीच डोसा स्टॉल और गुप्ता चाट वाले के बीच दुकान लगाने की जगह को लेकर बहस शुरू हुई. गुप्ता चाट वाले ने शांत तरीके से अपनी बात रखने की कोशिश की, मगर डोसा स्टॉल के कर्मचारियों ने एकजुट होकर धक्का-मुक्की शुरू कर दी. कुछ कर्मचारियों ने मारपीट तक कर दी, जिससे माहौल बिगड़ गया.

घटना का एक वीडियो किसी ने मोबाइल में कैद कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि डोसा स्टॉल के 4-5 कर्मचारी एक व्यक्ति को घेरकर मारपीट कर रहे हैं, जबकि गुप्ता चाट वाला खुद को बचाने की कोशिश कर रहा है. इस दौरान आसपास मौजूद लोग खड़े होकर तमाशा देखते रहे, लेकिन किसी ने बीच-बचाव नहीं किया.

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर लोग पुलिस और प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि डोसा स्टॉल संचालक और उसके कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए. वही भूपेंद्र गुप्ता का आरोप है कि चाकू से हमला सुनील गुप्ता ने किया, जिसमें उनके कपड़े फट गए और हाथ में चोट आई. वहीं, सुनील गुप्ता का कहना है कि हमला पहले भूपेंद्र ने किया और उन्होंने सिर्फ बचाव किया. विवाद के दौरान आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर भूपेंद्र को किसी तरह सुरक्षित कोतवाली पहुंचाया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया.

## स्कूल में फूड पॉइजनिंग, दो दर्जन से ज्यादा बच्चे बीमार

- गंभीर हालत होने पर छात्रा जबलपुर रेफर

**निवास, 16 अगस्त. एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पिपरिया, निवास में शनिवार को दर्जनों छात्र-छात्राओं के बीमार होने से हड़कंप मच गया. आशंका जताई जा रही है कि यह फूड पॉइजनिंग का मामला है.**

जानकारी के अनुसार दो दर्जन से अधिक बच्चे अचानक उल्टी-दस्त से पीड़ित हो गए, जिन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार दिया गया. इनमें से एक छात्रा की हालत गंभीर होने पर उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया



है. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने बच्चों के परिजनों से संपर्क कर उन्हें सौंपना शुरू कर दिया है. घटना की सूचना पर कवरेज के लिए पहुंचे मीडिया प्रतिनिधियों को विद्यालय परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई और गेट पर ताला लगाए जाने से मीडिया कर्मी बाहर ही बैठकर जानकारी जुटाते रहे.

## ढाबे की आड़ में चल रहा शराब का कारोबार

**खंडवा, 16 अगस्त. हरसूद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जायसवाल ढाबे से137 लीटर शराब जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया,वही आरोपी ढाबा मालिक फरार हो गया.**

पुलिस के अनुसार दिनाँक 15/08/2025 को ग्राम झूमरखाली में जायसवाल ढाबा में अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी राजकुमार राठौर के नेतृत्व में हरसूद पुलिस टीम द्वारा जायसवाल ढाबा झूमरखाली की चेकिंग करते आकाश जायसवाल, पिता मांगीलाल जायसवाल के ढाबा पर पीछे वाले कमरे में एक व्यक्ति शराब के साथ मिला, उसका नाम पता पूछने पर उसने उसका नाम राजा पिता सुखलाल पंवार जाति बंजारा उम्र 20 साल नि. बंजारा बस्ती फोकटपुरा संजय नगर खंडवा का होना बताया. उसके पास 4 खाकी कलर के काटून (पेटी) में देशी मदिरा प्लेन के 180 एम. एल. के सीलबंद क्वाटर 200 नग (36 लीटर) शराब कीमती करीब 16,000 रूपये, एक प्लास्टिक की सफेद थैली में 100 क्वाटर देशी मदिरा प्लेन के 180 एम, एल. सीलबन्द (18 लीटर) कीमती करीब 8,000 रूपये, 02 कागज के खाकी रंग की पेटी में बांबे स्पेशल व्हीस्की के 100 क्वाटर सीलबन्द 180 एमएल के (18 लीटर) कीमती करीब 12000 रूपए, एक कागज की खाकी रंग की पेटी में पावर कूल स्ट्रांग बीयर 500 एमएल की 24 केन 12 ली. कीमती करीब 3,120 रूपए की पायी गयी.

आरोपी आकाश जायसवाल मौके से फरार हो गया है जिसकी तलाश जारी है. उक्त शराब जप्त कर थाना हरसूद पर अपराध पंजीबद्ध किया गया है. गिरफ्तार आरोपी को हरसूद न्यायालय पेश किया गया, जहाँ से उसे खंडवा जेल भेज दिया गया.पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग हरसूद लोकेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार राठौर के नेतृत्व में थाना हरसूद की पुलिस टीम द्वारा उक्त कार्यवाही की गयी है.

### सिर पर पत्थर पटक कर गर्भवती पत्नी की हत्या

**कटनी, 16 अगस्त.** थाना माधव नगर निवार चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत जरवाही में पति द्वारा गर्भवती पत्नी की सर पर पत्थर पटक कर हत्या कर दी. लड़की के परिवार जनों और उनके पिता का कहना है कि पति रवि बर्मन उनकी बिटिया शिवानी बर्मन जिसकी फरवरी में शादी हुई थी एवं वह लगभग 6 माह की गर्भवती थी, उसकी कल रात्रि में हत्या करके फरार हो गया है. जैसे ही खबर निवार चौकी, माधव नगर थाने में जानकारी प्राप्त हुई तुरंत पुलिस अधिकारी पहुंचे. जांच पड़ताल की गई एवं आरोपी रवि शंकर बर्मन को गिरफ्तार कर लिया गया है.

## हत्या के 2 आरोपी राउंडअप

**उज्जैन, 16 अगस्त. झगड़ा कर रहे युवको समझाने पहुंचे युवक पर युवक पर शराब के नशे में धुत्त युवको ने बल्ली-डंडे से हमला कर दिया था. 2 दिन घायल हालत में रहने के बाद युवक की मौत हो गई.**

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर 2 आरोपियों को राउंडअप कर लिया है. तीसरे की तलाश जारी है. घटनाक्रम बडनगर थाना क्षेत्र में 9 अगस्त को हुआ था. बडनगर थाना एसआई हेमंत कुमार कटारे ने बताया कि बडनगर-बदनावर मार्ग पर शक्कर मिल मोहल्ला है. जिसके पास पारदी डेरा बना हुआ. यहां इंदौर के बेटमा स्थित ग्राम रावत में रहने वाला राजा पिता संकुसिंह पारदी 30 साल डेरे में निवास करता था. 9 अगस्त की शाम उसने शक्कर मिल क्षेत्र के रहने वाले जीवनसिंह, सादेन और निलेश को शराब पीकर आपस में झगड़ा करते देखा तो समझाने पहुंच गया. झगड़ा कर रहे युवको ने कहा कि तू कौन है जो बीच में बोलने आया है. इस बात पर उनके बीच गाली-गलौच हो गई. तीनों युवकों ने पास में पड़ी बल्ली और डंडे से राजा पर हमला कर दिया और भाग निकले. राजा गंभीर घायल हो गया था उसे अंदरूनी चोंट ज्यादा लगी थी. उसे घायल देख पत्नी मोनीबाई और पुत्र घर ले आये. रातभर राजा घर में पड़ा रहा. सुबह जब वह नहीं उठा और बोल नहीं पाया तो परिजनों ने एम्बुलेंस बुलाई और उपचार के लिये रतलाम मेडिकल कॉलेज लेकर चले गये. जहां उपचार के दौरान 11 अगस्त को राजा की मौत हो गई.

**हलचल** भाजपा जिला पदाधिकारियों के चयन के लिए पहुंचे थे पर्यवेक्षक, सांसद व विधायक समेत वरिष्ठजनों से रायसुमारी

# पदाधिकारियों का बंद लिफाफा पहुंचा भोपाल




नवभारत न्यूज

**सिंगरौली, 16 अगस्त. भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन पदाधिकारियों के चयन के लिए कल दिन शुक्रवार का पर्यवेक्षक आये हुये थे, जहां उन्होंने वर्तमान एवं पूर्व सांसद व विधायक समेत प्रदेश कार्य समिति सदस्यों, पूर्व जिलाध्यक्षों से संभावित पदाधिकारियों से 6-6 नामों का प्रस्ताव मांगा.**

दरअसल भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने जिला पदाधिकारियों के चयन के लिए पर्यवेक्षको को नियुक्त कर प्रत्येक जिलों के लिए रवाना किया. सिंगरौली में टीकमगढ़ भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. अभय प्रताप सिंह यादव पहुंचे हुये थे. कल 15 अगस्त के शाम भाजपा कार्यालय में पर्यवेक्षक ने वर्तमान एवं पूर्व सांसद व विधायक, जिलाध्यक्ष, प्रदेश कार्य समिति सदस्यों से छः-छः पदाधिकरियों के नाम बंद लिफाफा में मांगा है. जहां संभावित भाजपा पदाधिकारियों जिसमें उपाध्यक्ष, महामंत्री, जिला मंत्री, कोषाध्यक्ष, जिला कार्य समिति सदस्यों की सूची दी गई.

हालांकि यह सब बंद लिफाफे में हुआ है। लेकिन इस दौरान उपाध्यक्ष, महामंत्री एवं जिलामंत्री बनने के लिए दावेदार भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के दफ्तर में जमे रहे। इधर यह भी चर्चा है कि जिलाध्यक्ष एवं विधायको को पदाधिकारियों के चयन में महत्व देगा। इधर उक्त लिफाफा भोपाल लेकर पर्यवेक्षक रवाना हो गये। यहां बताते चले कि जिला उपाध्यक्ष, महामंत्री एवं जिलामंत्री पद के रेस में वर्तमान जिला पदाधिकारी अपने तरक्की चाहते हैं। वही कुछ नये चेरहे भी जिला कार्यकारिणी में जगह पानी के भाजपा नेताओं के यहां परिक्रमा करते रहे। अब देखना है कि भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के टीम में किस-किस कार्यकर्ताओं को जगह व ओहदा मिलता है। साथ ही पुराने पदाधिकारियों को बनाये रखने का बरकरार रखा जाये। यह तो अगले कुछ दिनों स्पष्ट हो जाएग।

## अटल जी हमेशा जनजन के मन में बसे रहेंगे

- अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि मनाई गई

**बड़वाह, 16 अगस्त. नगर मे शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एवं कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म जयंती मनाई गई. भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता के नेतृत्व मे 21 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित हुआ. मुख्य कार्यक्रम बूथ क्रमांक 66 पर हुआ.**



इस अवसर पर सांसद समन्वयक एवं जनभागीदारी अध्यक्ष जितेंद्र सुराणा,भाजपा जिला महामंत्री महिम ठाकुर,मंत्री दीपक ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेन्द्र पंड्या,अभिजित उमड़कर ने सम्बोधित करते हुए कहा की राजनीती को नई दिशा देने मे अटल ज़ी की अहम भूमिका है. उन्होंने कहा देश के सबसे महान नेता भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी ने भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए बहुत से सपने संजोए थे,जिनको हम अपने जीवन में पूरा होते हुए देख रहे हैं,राजनीति के क्षेत्र में काम करने वाले उनके व्यक्तित्व कृतित्व से प्रेरणा ले. उन्होंने कहा दोनों नेताओं की सोच आज भी पार्टी की रीढ़ है. कार्यकर्ताओ से राष्ट्र निर्माण मे सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान किया. अटल बिहारी वाजपेई जी की पुण्यतिथि पर अतिथियों एवं कार्यकर्ताओ ने श्रद्धांजलि अर्पित की.